CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 123 ▫ रायपुर, बुधवार 28 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## घर पर गिरी आकाशीय बिजली, एक ग्रामीण की मौत, परिवार के 4 सदस्य गंभीर रूप से घायल



अंबिकापुर, 28 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में मानसून से पहले हो रही बारिश कहर बनकर टूट रही है। वहीं मंगलवार की दोपहर सरगुजा जिले के मैनपाट थाना क्षेत्र के ग्राम बरिमा के पाकरिपारा में घर पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई। इस हादसे में परिवार के 4 सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि दोपहर अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान सांझी लाल मांझी के घर पर आकाशीय बिजली गिरी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतक की पत्नी सधाई , पुत्री बबली 11 वर्ष, पुत्र अमरीकन 8 वर्ष और मां सुखनी गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को तत्काल कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। परिजनों की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है।

### कोरबा में 15 बकरियों की मौत



**कोरबा,** 28 मई (हाईवे चैनल)। जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 15 बकरियों की मौत हो गई। छुईढोढा सोल्वा में मंगलवार दोपहर मौसम खराब होने के दौरान यह घटना हुई जिसमें 3 किसानों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित किसानों ने बताया कि मंगलवार सुबह से हल्की बारिश हो रही थी। किसान बकरियों को गांव से लगे मैदान में चराने ले गए थे। बकरियां करीब एक घंटे तक मैदान में चर रही थीं कि इस दौरान हल्की बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमकने लगी। सभी बकरियां एक पेड़ के नीचे एकत्रित हो गईं और उसी पेड़ पर अचानक आकाशीय बिजली गिरने से सभी बकरियों की मौत हो गई।किसान उस समय पास के एक दूसरे पेड़ के नीचे मौजूद थे, जो बाल-बाल बच गए। बकरियों की मौत से किसान रामलाल, दुलार और अमर सिंह को आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस और प्रशासन को घटना की जानकारी दे दी गई है। राजस्व नियमों के तहत प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की कार्रवाई शुरू की गई है।

## मणिपुर में सरकार गठन की कवायद, एनडीए ने किया 44 विधायकों के समर्थन का दावा

### अब राज्यपाल लेंगे फैसला

**नई दिल्ली,** 28 मई (न्यूज चैनल)। मणिपुर से बड़ी खबर आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में सरकार गठन की कवायदों ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। भाजपा नीत एनडीए के 10 विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए इंफाल में राजभवन पहुंचे हैं। भाजपा के आठ, एनपीपी के एक और एक निर्दलीय विधायक ने राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की। उन्होंने दावा किया कि उनके पास 44 विधायकों का समर्थन है।

मणिपुर में विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए बुधवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को समर्थन का औपचारिक पत्र सौंपा और मौजूदा राजनीतिक अनिश्चितता के बीच एक स्थिर शासन विकल्प प्रदान करने की अपनी तत्परता दोहराई। राज्यपाल से मिलने के बाद विधायक राधेश्याम ने कहा, हमारे पास 44 विधायकों का समर्थन है और सभी भाजपा विधायक जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। हम राज्यपाल से हमारे बहुमत पर विचार करने और त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। राज्यपाल से दावे की समीक्षा करने और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार निर्णय लेने की उम्मीद है। निर्दलीय विधायक निशिकांत सिंह ने कहा, %ज्यादातर लोग चाहते हैं कि एक लोकप्रिय सरकार बने और यही कारण है कि हम राज्यपाल से मिलने यहां आए हैं। हमने अन्य बातों पर भी चर्चा की, जैसे कि लोकप्रिय सरकार बनने के बाद राष्ट्रपति शासन का कामकाज पहले जैसा नहीं रह सकता। मुख्य रूप से मुख्य मुद्दा एक लोकप्रिय सरकार का गठन था। राज्यपाल की प्रतिक्रिया भी अच्छी थी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि जल्द ही सरकार का गठन हो जाएगा। हम राज्यपाल से अपील कर रहे हैं कि हमें लोकप्रिय सरकार चाहिए।

हमने राज्यपाल को एक कागज भी दिया है, जिस पर हम सभी ने हस्ताक्षर किए हैं। मणिपुर में एनडीए के सभी विधायक लोकप्रिय सरकार बनाने के लिए बहुत उत्सुक हैं। हम जनता का समर्थन भी चाहते हैं। हमने जो कागज दिया है, उस पर करीब 22 लोगों के हस्ताक्षर हैं। राज्यपाल से मिलने के लिए 10 विधायक यहां आए हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### ट्रक से टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत, 2 घायल

**कोरबा,** 28 मई (हाईवे चैनल)। ट्रक से हुई आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं अन्य दो सवारों गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कोरबी चौकी पुलिस जांच में जुटी है. अमरकंटक के रहने वाले तीनों युवक गिट्टी खदान में काम करते थे, जो कोरबी जाते जाते समय हादसे का शिकार हो गए.

### क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर गाड़ी में डलवाया 55 हजार का फ्यूल

#### चेक थमाया, जो बाद में हो गया बाउंस

**बिलासपुर,** 28 मई (हाईवे चैनल)। न्यायधानी में ठगी का बड़ा मामला आया है. क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर आरोपी ने पेट्रोल पंप संचालक को 55 हजार का चेक थमाया, जो बाद में बाउंस हो गया. मामले की शिकायत मिलने के बाद सिविल लाइन पुलिस जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, आरोपी राजेन्द्र उर्फ अभिराज सिंह ने जरहाभाठा चौक स्थित जियो पेट्रोल पंप से नवम्बर 2024 से मार्च 2025 तक फ्यूल डलवाया. इसके बाद आरोपी युवक ने पेमेंट के नाम पर चेक थमाया, जो बाउंस हो गया. मामले की मिली शिकायत के बाद सिविल लाइन पुलिस जांच में जुट गई है.

### 5 जून को 7 मंदिरों में होगी प्राण प्रतिष्ठा,101आचार्य कराएंगे अनुष्ठान

**नई दिल्ली,** 28 मई (न्यूज चैनल)। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 3 जून से शुरू होगा। 5 जून को 7 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

मूर्तियां अयोध्या पहुंच चुकी हैं और मंदिरों में विराजमान कर दी गई है। इससे पहले 2 जून को सरयू तट से राम मंदिर तक भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में अयोध्या व काशी के 101 आचार्य शामिल होंगे। 5 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा 20 संत-धर्माचार्य, 15 गृहस्थ व ट्रस्ट के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है। इस दौरान कोटा के शिव मंदिर में नर्मदेश्वर का शिवलिंग 31 मई को स्थापित कराया जाएगा। इसी दिन इसकी प्राण प्रतिष्ठा भी होगी।

## राज्यपाल ने धमतरी पहुंचकर जिले की केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली



### कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत

### सुशासन तिहार के बारे में भी पूछा

**धमतरी,** 28 मई (हाईवे चैनल)। राज्यपाल रमेन डेका आज दोपहर धमतरी पहुंचे। मुजगहन स्थित विश्राम गृह में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने राज्यपाल की अगुवाई की और पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान एसपी श्री सूरज सिंह परिहार और जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। राज्यपाल श्री डेका लगभग डेढ़ घंटे जिले में रहे और उन्होंने कलेक्टर सहित अधिकारियों से जिले में शासकीय योजनाओं विशेषकर केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने सभी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। राज्यपाल ने कहा की योजनाओं के पात्र कोई भी हितग्राही लाभान्वित होने से ना छूटे। श्री डेका ने जिले में कानून व्यवस्था की जानकारी भी एसपी से ली। उन्होंने जिलेवासियों की सुरक्षा के साथ उनकी संपत्तियों की रक्षा के लिए सभी संभव कार्रवाई करने को कहा।

राज्यपाल ने जिले में चल रहे सुशासन तिहार के बारे में भी कलेक्टर से जानकारी ली। उन्होंने जिले में अभियान के दौरान मिले आवेदनों और उनके निराकरण की जानकारी भी कलेक्टर से ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि पूरे अभियान में जिले में दो लाख 27 हज़ार से अधिक आवेदन मिले थे। ज्यादातर आवेदन माँगो से संबंधित है। कलेक्टर ने बताया कि अभी तक 99 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है और जिले में समाधान शिविर लगाकर लोगों को इसकी जानकारी भी दी जा रही है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण में धमतरी जिला राज्य में पहले स्थान पर है। राज्यपाल श्री डेका ने इस पर प्रसन्नता जताई।

### राज्यपाल से महापौर ने की मुलाक़ात



संक्षिप्त प्रवास पर धमतरी पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका से महापौर श्री रामू रोहरा ने भी सौजन्य भेंट की। विश्राम गृह पहुँच महापौर ने राज्यपाल से धमतरी नगर विकास पर चर्चा की और आगामी विकास योजनाओं के बारे में बताया।राज्यपाल ने अभी चल रहे सुशासन तिहार के बारे में भी फीडबैक लिया । महापौर श्री रोहरा ने बताया कि धमतरी नगर में मिले आवेदनों में से लगभग 99 प्रतिशत का निराकरण किया जा चुका है। बाकी आवेदनों पर कार्रवाई कर स्वीकृति आदि औपचारिकताओं- के लिए राज्य स्तरीय कार्यालयों को

## गढ़बेंगाल के पंडीराम मंडावी को मिला पद्मश्री सम्मान



### मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर,** 28 मई (हाईवे चैनल)। देश की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा बस्तर अंचल के गढ़बेंगाल निवासी पंडीराम मंडावी को वर्ष 2025 के पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान उन्हें जनजातीय वाद्य यंत्र निर्माण और काष्ठ शिल्प कला के क्षेत्र में उनके अद्भुत एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

मंडावी द्वारा पारंपरिक गोंड और मुरिया समाज की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों ने न केवल बस्तर की कला को राष्ट्रीय मंच दिया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंडावी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ की जनजातीय प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि का गौरवपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मंडावी जैसे कलाकारों ने अपनी साधना से यह सिद्ध किया है कि हमारी मिट्टी की कला विश्वपटल पर छा सकती है। यह पद्मश्री सम्मान बस्तर की लोकपरंपरा, शिल्प और सांस्कृतिक चेतना को राष्ट्रीय गौरव दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## राहुल गांधी को मिली वाराणसी कोर्ट से राहत, भगवान राम पर की गयी टिप्पणी के खिलाफ याचिका खारिज



**नई दिल्ली,** 28 मई (न्यूज चैनल)। वाराणसी की एक अदालत ने मंगलवार को विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी को तलब करने और इस साल अप्रैल में अमेरिका के ब्राउन विश्वविद्यालय में अपने भाषण के दौरान भगवान राम को कथित रूप से पौराणिक चरित्र कहने के लिए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता हरिशंकर पांडे ने कहा कि उनकी याचिका को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुमार त्रिपाठी ने खारिज कर दिया, जिन्होंने इसे गैर-स्थायी माना। अदालत ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के प्रावधानों के अनुसार, ऐसे मामलों में केंद्र या राज्य सरकार या जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति अनिवार्य है।

राहुल गांधी के खिलाफ याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता हरिशंकर पांडे ने कहा कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नीरज कुमार त्रिपाठी ने याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने याचिका को गैर-स्थायी माना, जिससे मामला खारिज हो गया। अदालत ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के प्रावधानों के अनुसार, ऐसे मामलों में केंद्र या राज्य सरकार या जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति अनिवार्य है। वकील ने कहा कि वह अब जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति मांगेंगे और फिर से याचिका दायर करेंगे। यह शिकायत अधिवक्ता हरिशंकर पांडे ने 12 मई को दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि ब्राउन यूनिवर्सिटी में अपने भाषण के दौरान राहुल गांधी ने भगवान राम को पौराणिक और काल्पनिक व्यक्ति बताया था।

## बस्तर वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की सूची से बाहर एलडब्ल्यूई के तहत मिलने वाली सहायता हुई बंद!



**रायपुर,** 28 मई (हाईवे चैनल)। देश-प्रदेश को मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर शासन-प्रशासन और सुरक्षाबलों का सामूहिक प्रयास अब एक नए मुकाम पर पहुंच गया है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बस्तर को लेफ्ट विंग एक्स्ट्रिमिज्म (एलडब्ल्यूई) जिलों की सूची से बाहर कर दिया है. हालांकि, इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से अब तक कोई अधिकृत घोषणा नहीं की गई है.

बस्तर को लेफ्ट विंग एक्स्ट्रिमिज्म जिलों की सूची से बाहर करने के साथ ही केंद्र सरकार ने अप्रैल से शुरू होने वाले नई वित्त वर्ष से एलडब्ल्यूई के तहत बस्तर जिले को मिलने वाली आर्थिक मदद को भी बंद कर दी है. करोड़ों रुपए का यह फंड जिले में विकास कार्यों व नक्सल उन्मूलन के लिए जारी किया जाता था. मार्च 2025 तक बस्तर जिले को ये राशि जारी की गई, लेकिन अप्रैल 2025 से केंद्र सरकार ने एलडब्ल्यूई फंड पर रोक लगा दी है. बस्तर संभाग में 7 जिले शामिल हैं, जिनमें बस्तर के अलावा दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, कोंडागांव व कांकेर शामिल हैं. इस साल छत्तीसगढ़ के तीन और जिले, राजनांदगांव, कवर्धा और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को केंद्र की एलडब्ल्यूई की सूची से बाहर कर दिया गया. बस्तर जिले का दरभा इलाके का कोलेंग, तुलसीडोंगरी, जगदलपुर से लगे माचकोट, तिरिया, लोहंडीगुड़ा इलाके के मारडूम, ककनार, बारसूर सीमा के इलाके नक्सलवाद से प्रभावित थे.

## बढ़ने लगे कोरोना के मामले, महाराष्ट्र में 66 उप्र में 10 नए मामले, अब तक हुई 11 की मौत



**नई दिल्ली,** 28 मई (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 66 मामले और उत्तर प्रदेश में 10 नए मामले सामने आए है। कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या अब देश में 11 हो गई है। वहीं देश में कोरोना वायरस को लेकर तैयारियां भी स्वास्थ्य विभाग शुरू कर चुका है। कई राज्यों ने अस्पतालों को गाइडलाइन जारी की है।

देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में फिर से इजाफा होने लगा है। देश में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ने लगे है। कोरोना वायरस के मामले रोजाना सामने आ रहे है। भारत में बुधवार की सुबह तक कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 1047 पर पहुंच गई है। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 66 मामले और उत्तर प्रदेश में 10 नए मामले सामने आए है। कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या अब देश में 11 हो गई है। वहीं देश में कोरोना वायरस को लेकर तैयारियां भी स्वास्थ्य विभाग शुरू कर चुका है। कई राज्यों ने अस्पतालों को गाइडलाइन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 26 मई तक के आंकड़े साझा कर बताया कि देश में 1010 एक्टिव मामले थे, जिनकी संख्या बढ़ चुकी है। महाराष्ट्र में 66 मामले देखने को मिले है। इनमें सबसे अधिक मामले मुंबई से 31 मामले आए है। वहीं कुल मामलों की संख्या 325 हो गई है। मुंबई में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए अस्पतालोंको भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए है। अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य सुविधाएं बनी रहे इसकी तैयारी की जा रही है। मुंबई के जेजे अस्पताल में 15 बेड वाला आइसोलेशन वॉर्ड भी बना दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के 36 एक्टिव मामले दर्ज हुए है। गाजियाबाद में भी कोरोना के मामलों में इजाफा हो रहा है। कोरोना वायरस के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए अब अस्पतालों को भी एक्शन मोड में आने के निर्देश दिए गए है। कोरोना की कुल संख्या गाजियाबाद में 14 हो गई है। यहां अस्पताल में एक मरीज भर्ती है जबकि एक चार महीने का शिशु भी कोरोना संक्रमित पाया गया है। राजस्थान में भी कोरोना की दस्तक हो गई है। बीते कुछ दिनों में यहां सात मामले दर्ज हुए है। एक नवजात भी कोरोना संक्रमण का शिकार हुआ है।




**चूहा-** सुनती हो, मणिपुर में फिर से सरकार बनाने की कवायद चल रही है।

**चुहिया-** हां जी, बिना कुर्सी इतने दिनों में फड़फड़ा गए हैं नेता।

CMYK